दिन– बुधवार  दिनांक– 20 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – विवाह और आपदा की स्थिति में टाउनशिप क्षेत्र में हो सकेगी जमीन की खरीद–बिक्री। जिलाधिकारी को देना होगा आवेदन।

02. प्रदेश के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव छब्बीस से इकतीस मई के बीच होंगे।

03. पटना के ईशान किशन की तीन साल बाद भारतीय टीम में वापसी। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चयनित।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तरी और दक्षिणी बिहार के कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में किसी की जमीन टाउनशीप के लिए अधिग्रहित होने की स्थिति में संबंधित परिवार को विवाह और आपदा की स्थिति में जमीन बेचने के लिए जिलाधिकारी को आवेदन देना होगा। सोनपुर प्रखंड की डुमरी बुजुर्ग पंचायत में एक कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आवेदन की जांच के बाद संबंधित व्यक्ति को जमीन के बदले चार गुना मुआवजा दिया जायेगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————

इधर, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल के रूप में सरस्वती विद्या निकेतन बनाये जायेंगे।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश में सीमा सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। भारत–नेपाल सीमा प्रबंधन के पटना में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में श्री चौधरी ने ये निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा के संबंध में केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों का ठीक ढंग से अनुपालन करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीमा पर निगरानी सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। साथ ही सीमा पर होनेवाले अनैतिक और गैर वैधानिक कार्यों पर पूरी सख्ती बरतें। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि बीती फरवरी

मेंकेन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के संबंध में यह बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————————

प्रदेश के सभी दो सौ चौंसठ नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव छब्बीस से इकतीस मई के बीच होंगे। नगर विकास और आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि इससे पहले यह चुनाव पन्द्रह से पच्चीस अप्रैल तक सम्पन्न करायी जाने थे। अपरिहार्य कारणों के चलते ये चुनाव स्थगित कर दिये गये थे।

———————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने केन्द्र सरकार से बीजों पर अनुदान बढ़ाने की मांग की है। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कृषि क्षेत्रीय सम्मेलन में श्री सिन्हा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दलहन और तिलहन फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भी अनुरोध किया।

———————————————————————

कृषि विभाग ने कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत बारह नये कृषि यंत्रों पर भी अनुदान देने का फैसला किया है। इसके तहत सौर ऊर्जा आधारित तकनीक और उच्च क्षमता वाली मशीनों सौर धान थ्रेसर, छोटा धान कम्बाईंन हार्वेस्टर और इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर जैसे आधुनिक उपकरणों को शामिल किया गया है। वहीं, कई पारंपरिक और छोटे उपकरणों को योजना की सूचि से हटा दिया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में आज शाम सात बजे से बाईस मई सुबह आठ बजे तक बिजली उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन सेवाएं बंद रहेंगी। नॉर्थ और साउथ बिहार पावर कम्पनियों की ओर से नई बिलिंग प्रणाली तैयार करने के मकसद से ये सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेगी। ऊर्जा विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं होने की स्थिति में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इस अवधि में बिजली बिल भुगतान, स्मार्ट प्री–पेड रिचार्ज और नया बिजली कनेक्शन समेत अन्य ऑनलाईन सेवाएं बंद रहेंगे।

———————————————————————

ऊर्जा मंत्री और किशनगंज जिले के प्रभारी मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा है कि किशनगंज में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिये कई पहल की जा

रही हैं। किशनगंज में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि जिले में बाईस पावर सब स्टेशन– पीएसएस काम कर रहे हैं। वहीं, दस अन्य पीएसएस को विकसित करने पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पीएसएस के कार्यशील होने के बाद जिले में विद्युत आपूर्ति की कोई समस्या नहीं रहेगी।

——————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत का लक्ष्य वर्ष दो हजार तीस–इकतीस तक साढ़े तीन सौ अरब डॉलर का कपड़ा बाज़ार बनाना है। इसमें सौ अरब डॉलर का निर्यात शामिल होगा। नई दिल्ली में श्री सिंह ने कहा कि टिकाऊ और प्राकृतिक फाइबर ही कपड़ा क्षेत्र के भविष्य को आगे बढ़ाएगा।

——————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने जनसुरक्षा को देखते हुए रेबिज से संक्रमित और खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन देने की अनुमति दी है। न्यायालय की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों की बढती संख्या से निपटने के मद्देनजर कई निर्देश जारी किये हैं।

——————————————————————

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने ई–फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ आज देशभर में हड़ताल की घोषणा की है। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। संघ के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिंह ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियां नकली, नशीली और अवैध दवाओं की बिक्री कर रहीं हैं। जिससे समाज को बड़ा नुकसान हो रहा है। दवा विक्रेताओं ने ई–फार्मेसी प्लेटफॉर्म पर अंकुश की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। हालांकि इस दौरान सभी प्रमुख फार्मेसी श्रृंखलाएं, अस्पताल आधारित मेडिकल स्टोर और जन औषधि केन्द्र खुले रहेंगे।

——————————————————————

प्रदेश में जारी भीषण गर्मी के दौर के बीच आज से मौसम में बदलाव की सम्भावना है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश के आसार हैं। इस दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, कटिहार, पटना समेत कई जिलों में आंधी–बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। इस अवधि में

बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार, छपरा का चालीस दशमलव छह और पटना का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

——————————————————————

भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क का निन्यानवे दशमलव छह प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष मार्च तक, ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का उनहत्तर हजार आठ सौ तिहत्तर किलोमीटर से अधिक मार्ग विद्युतीकृत हो चुका था। इस उपलब्धि के साथ, भारत ने यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमरीका सहित कई प्रमुख देशों को पीछे छोड़ दिया है।

——————————————————————

प्रदेश के गंगा तट पर स्थित सभी मठ और मंदिरों में प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन किया जायेगा। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने इस संबंध में सभी मठ–मंदिरों के महंत, न्यासधारियों, न्यास समिति के सदस्यों और प्रबंधकों को पत्र भेजा है। प्रोफेसर नंदन ने बताया कि पर्षद से संबद्ध मठ–मंदिरों में गंगा आरती की शुरूआत पच्चीस मई को गंगा दशहरा के अवसर से होगी।

——————————————————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में एक उच्च–स्तरीय बैठक में नीट–यूजी की दोबारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। परीक्षा के आयोजन में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता की ज़रूरत पर बल देते हुए, श्री प्रधान ने निर्देश दिया कि पिछली परीक्षा प्रक्रिया में पाई गई सभी कमियों को पूरी तरह से दूर किया जाए। श्री प्रधान ने कहा कि दोबारा परीक्षा सख्त सुरक्षा नियमों के अंतर्गत सुरक्षित, बिना किसी रुकावट के और पूरी तरह से पुख्ता तरीके से आयोजित की जानी चाहिए।

——————————————————————

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। आयोग ने कहा है कि विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमियों से सौ विद्यार्थी इस इंटर्नशिप में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम सुब्रहमण्यम ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज और मानवधिकार मुद्दों के प्रति निष्पक्ष और अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करना है।

——————————————————————

मधुबनी जिले के माधवापुर थाना क्षेत्र से वाहन जाचं के दौरान पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक सौ इक्यानवे किलो से अधिक गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में मधुबनी एससी–एसटी थाना के प्रभारी रविंद्र राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पच्चीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पटना जिले के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात हजार चार सौ अस्सी बोतल कोडिन युक्त सिरप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

भारत और अफगानिस्तान के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच और तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में प्रदेश के ईशान किशन को शामिल किया गया है। ईशान की तीन साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। इधर, शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान और के.एल. राहुल को उप–कप्तान बनाया गया है। शुभमन गिल एक दिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे और श्रेयस अय्यर उप–कप्तान होंगे।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच कोलकाता में शाम साढे सात बजे खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही राजस्थान की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बनी हुई है। वैभव सूर्यवंशी ने शानदार तिरानवे रनों की पारी खेली। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सहयोग शिविर से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पंचायतों के सहयोग शिविर में सुनी गयी समस्याएं।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की हिदायत को अपनी प्रमुख खबर बनाते हुये लिखा है– पन्द्रह अगस्त के बाद बिना वजह रेफर नहीं। केवल गम्भीर मरीजों को ही बड़े अस्पतालों में भेजे।

दैनिक जागरण लिखता है–किऊल–झाझा तीसरी रेल लाईन को मंजूरी। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– वाट्सएप पर भी ईपीएफ बैलेंस और लेन–देन की मिलेगी जानकारी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– राज्य के दो सौ आठ प्रखंडों में खुलेंगे नये डिग्री कॉलेज। नौ हजार एक सौ बावन पदों पर भर्ती।

आज अखबार लिखता है– बारह सितम्बर को भारत आयेंगे, रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – विवाह और आपदा की स्थिति में टाउनशिप क्षेत्र में हो सकेगी जमीन की खरीद–बिक्री। जिलाधिकारी को देना होगा आवेदन।

02. प्रदेश के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव छब्बीस से इकतीस मई के बीच होंगे।

03. पटना के ईशान किशन की तीन साल बाद भारतीय टीम में वापसी। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चयनित।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तरी और दक्षिणी बिहार के कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।